<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2016-हिं.अ. दिनांक: 17-08-2016

<u>परिपत्र</u>

**विषय : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी।**

संस्थान में निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 01.09.2016 से 15.09.2016 तक **"हिंदी पखवाड़े"** का आयोजन किया जा रहा है।"हिंदी पखवाड़े" के दौरान संस्थान के संकाय-सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों/छात्र-छात्राओं के लिए निम्नानुसार हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है:-

| क्र.सं. | | प्रतियोगिता | स्थान | दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | **निबंध प्रतियोगिता** | | |
| | i) | **निबंध प्रतियोगिता (समूह 'ख' एवं 'ग') हेतु**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी स्टाफ हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी स्टाफ हेतु | **डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार अपराहन 2.30 बजे** | 01.09.2016 |
| | ii) | **संकाय-सदस्यों एवं अधिकारियों (समूह 'क') हेतु विशेष निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी संकाय हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी संकाय हेतु | **सेमिनार कक्ष, सर्जरी विभाग, 5वीं मंजिल अपराहन 3.00 बजे** | |
| | iii) | **संस्थान के छात्र-छात्राओं हेतु विशेष निबंध प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी छात्र-छात्राओं हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी छात्र-छात्राओं हेतु | **सम्मेलन कक्ष अपराहन 3.30 बजे** | |
| 2 | | **अनुवाद प्रतियोगिता** | **डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार पूर्वाहन 12.00 बजे** | 02.09.2016 |
| 3 | | **श्रुतलेख प्रतियोगिता** | **डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार अपराहन 2.30 बजे** | |
| 4 | | **हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता** | **डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार पूर्वाहन 11.00 बजे** | 03.09.2016 |
| 5 | | **वाद-विवाद प्रतियोगिता**<br>(क) हिंदी भाषा-भाषी स्टाफ हेतु<br>(ख) अन्य भाषा-भाषी स्टाफ हेतु | **डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार अपराहन 2.30 बजे** | 13.09.2016 |
| 6 | | **काव्य-पाठ प्रतियोगिता** | **डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार अपराहन 2.30 बजे** | 14.09.2016 |

जारी......2/-

सभी प्रतियोगिताएं उपर्युक्तानुसार निर्धारित समय एवं स्थान पर प्रारंभ होंगी तथा प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए निम्नानुसार नकद पुरस्कार होंगे:-

| क्र.सं. | पुरस्कार | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम पुरस्कार | ₹5,000/- एक पुरस्कार |
| 2 | द्वितीय पुरस्कार | ₹3,000/- एक पुरस्कार |
| 3 | तृतीय पुरस्कार | ₹2,000/- एक पुरस्कार |
| 4 | प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹1,000/- पांच पुरस्कार |

उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजयी घोषित उम्मीदवारों को दिनांक 15.09.2016 को अपराह्न 02.00 बजे से डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार में आयोजित हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में मुख्य अतिथि महोदय के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में संस्थान के संकाय-सदस्यों/अधिकारियों सहित केवल नियमित आधार पर कार्यरत स्टाफ-सदस्यगण ही भाग ले सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक नियमित कर्मचारीगण/छात्र-छात्राओं को अपना पहचान-पत्र साथ लाना अपेक्षित होगा।**

अतः सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया यह सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र में कार्यरत सभी संकाय-सदस्यगण/अधिकारीगण/कर्मचारीगण/छात्रगण की जानकारी में ला दें ताकि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक स्टाफ सदस्यगण भाग ले सकें।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हिंदी अनुभाग से व्यक्तिगत रूप से अथवा फोन नं. 4863 अथवा 4403 पर संपर्क किया जा सकता है।

अरुण कुमार सिंह

**(अरुण कुमार सिंह)**
**मुख्य प्रशासन अधिकारी(का.)**

**वितरण:- सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग- अध्यक्षगण।**

**प्रतिलिपि:**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- कुल-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- प्रधानाचार्या, नर्सिंग कॉलेज, अ.भा.आ.सं.।
- अध्यक्ष, स्टूडेंट यूनियन, अ.भा.आ.सं.।
- प्रभारी अधिकारी(कंप्यूटर सुविधा) - इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवा दिया जाए।

अंकित

१५.८.१६.